# मनवा खेड़ा के ग्रामीणों ने मनाया सड़क के गड्ढे का जन्मदिन

- गड्ढे का एक साल पूरा होने पर लोगों ने विरोध स्वरूप सेरेमनी का आयोजन किया लोगों ने बताया बारिश के समय गड्ढे से मुसीबतें बढ़ गई हैं लेकिन नगर निगम हो या स्मार्ट सिटी किसी के इंजीनियरों ने एक साल में सुध नहीं ली
- प्रेमचंद पटेल ने बताया कि यहां सीवरेज लाइन डाली गई। इसके बाद में मिट्टी के ऊपर ही सीसी रोड बना दी, देखा तक नहीं। रोड में बड़ा गड्डा हो गया इसे ठीक ही नहीं किया गया

**उदयपुर,** (कासं)। मनवा खेडा गाँव के ग्रामीणों ने सडक पर हुए गड्ढे का जन्मदिन मनाया। गड्ढे का एक साल पूरा होने पर लोगों ने विरोध स्वरूप सेरेमनी का आयोजन किया। लोगों ने बताया बारिश के समय इस गड्ढे से मुसीबतें बढ गई हैं। लेकिन नगर निगम हो या स्मार्ट सिटी किसी के इंजीनियरों ने एक साल में सुध नहीं ली।

शहर हिरणमगरी से सटे मनवाखेडा से गुजर रही सडक पर गहरा गड्डा है। इसे लेकर गुरुवार सुबह मनवाखेडा इलाके के लोगों ने केक काटकर अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया।ग्रामीणों ने बताया सडक पर गड्ढों का एक साल पूरा होने आया। इसको देखने एक साल में कोई नहीं आया। कई बार प्रशासन को सूचित किया सही करने की मांग भी रखी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। खराब सडक के एक साल पूरा होने पर आज लोगों ने केक काटा और प्रशासन का विरोध किया। मनवाखेडा में रहने वाले प्रेमचंद पटेल ने बताया कि यहां सीवरेज लाइन डाली गई। इसके बाद में मिट्टी के ऊपर ही सीसी रोड बना दी, देखा तक नहीं। रोड में बडा गड्डा हो गया। इसे ठीक ही नहीं किया गया।

यहां रहने वाले प्यारेलाल डांगी ने बताया कि आना जाना मुश्किल है। पानी भरने के बाद तो यहां कोई गाडी तो क्या पैदल भी नहीं निकल सकेगा। यहां से गुजरने वाले को यह नहीं पता कि पानी के अंदर गड्डा है। यहां स्कूल बसें तक नहीं आ पा रही है। विष्णु पटेल ने बताया कि पीस पार्क से मनवाखेड तक की सडक है। यहां बडे वाहन नहीं आ पा रहे हैं। इतना समय हो गया और अब जब इसी में जीना है तो फिर खुशी मनाकर ही जीएं। इसलिए आज हमने केक सेरेमनी मनाई। यहां पर सीवरेज लाइन डाली उसके बाद किसी ने आकर सुध नहीं ली।मनवाखेडा में रहने वाले प्रेमचंद पटेल ने बताया कि यहां सीवरेज लाइन डाली गई। इसके बाद में मिट्टी के ऊपर ही सीसी रोड बना दी देखा तक नहीं। रोड में बडा गड्डा हो गया। इसे ठीक ही नहीं किया गया।यहां रहने वाले प्यारेलाल डांगी ने बताया. आना.जाना मुश्किल है। पानी भरने के बाद तो यहां कोई गाडी तो क्या पैदल भी नहीं निकल सकेगा। यहां से गुजरने वाले को यह नहीं पता कि पानी के अंदर गड्डा है। यहां स्कूल बसें तक नहीं आ पा रही है। दरअसल करीब दो साल पहले पीस पार्क अपार्टमेंट से मनवाखेडा तक स्मार्ट सिटी योजना की अमृत स्कीम में यहां डेढ किलोमीटर तक सीवरेज लाइन डाली थी। इसके बाद यहां पर वापस सीसी सडक बनाने का काम शुरू हुआ। क्षेत्रवासी विष्णु पटेल बताते है कि सीसी बनाने वालों ने सीवरेज के लिए खुदाई वाले इलाके की पूरी मजबूत भराई नहीं की। सीधे सीसी बनाई दी। उन्होंने बताया हिरणमगरी क्षेत्र से सीधे गीतांजलि अस्पताल जाने के लिए यह शॉर्ट कट है। बडे गड्ढे की वजह से गाडियां यहां से नहीं आ पा रही हैं। स्कूल बसें तो आना ही बंद हो गई। ऐसे में अब दूर से बच्चों को लाना पडता है। नगर निगम उदयपुर के अधीक्षण अभियंता मुकेश पुजारी ने बताया पूरे मामले को दिखवाते है। इंजीनियर को मौके पर भेजकर समझते हैं, क्या समस्या हुई है।

## सामान चोरी

**उदयपुर,** (कासं)।सविना थाना क्षेत्र में गैरेज से चोर सामान चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित पंकज पुत्र शिवराम पाटीदार निवासी सेंट मेरिज स्कूल के सामने सविना ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि हाइवे पर मैरा गैराज है। जहां से अज्ञात चोर कार के टायर व सामान चुरा ले गए।

# जागरूकता अभियान आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। गीतांजली हॉस्पिटल, उदयपुर के मदर एंड चाइल्ड केयर विभाग की ओर से महिला स्वास्थ्य और निःशुल्क प्रसव सेवाओं को लेकर विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम मिराज मल्हार, रामेश्वरम अपार्टमेंट, अरावली हाइट्स और शुभलक्ष्मी अपार्टमेंट परिसर में संपन्न हुआ। अभियान के दौरान प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नलिनी शर्मा, डॉ. अनुपमा हाड़ा, डॉ. अर्चना शर्मा, और डॉ. दिव्या चौधरी ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। विशेषज्ञों ने निःशुल्क डिलीवरी सेवाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए महिलाओं को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी।

गीतांजली हॉस्पिटल ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जागरूक करने का कार्य निरंतर जारी रहेगा।अधिक जानकारी के लिए 9116170338 पर संपर्क करें।

## शहर में आज निकलेगा भव्य जुलूसे मोहम्मदी

**उदयपुर** (कासं)। शहर के अंजुमन चैक में अंजुमन तालीमुल इस्लाम उदयपुर के बैनर तले इस वर्ष पैगम्बरे इस्लाम के 150॰वें यौमे पैदाइश के अवसर पर मनाये जा रहे दो दिवसीय जश्ने ईद मीलादुन्नबी के दूसरे जलसे का आगाज गुरूवार रात्रि बाद नमाजे इशा कलामे पाक की तिलावत से हुआ जो देर रात्रि सलातो-सलाम के साथ सम्पन्न हुआ।

अंजुमन सदर हाजी मुख्तार अहमद कुरैशी ने बताया कि जलसे के मुख्य वक्ता खलीफा-ए-ताजुश्शरीया अल्हाज मुफ्ती मसीहुद्दीन हश्मती उतरौला-बलरामपुरी ने पैगम्बरे इस्लाम की जीवनी को अपनाते हुए नेक रास्ते पर चलने और समाज में फैली बुराईयों को खत्म करने पर जोर दिया। वहीं सैयद शाह हसनैन बकाई कादरी शफीपुर शरीफ ने अपनी तकरीर में इस्लाम की तालीमात के जरिये मौजूदा दौर में मुसलमानों को हर क्षेत्र में आगे आने की प्रेरणा दी। मौलाना रफीक रजा कादरी मुम्बई, हमदम फैजी धनबादी दिल्ली और शमीम फैजी ने बेहतरीन नातिया कलाम करते हुए समां बांध दिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बोरवा जिला राजसमन्द ( राज. )**

क्रमांक: ग्रापं./लेखा/ई-टेन्डर/2025-26/11 दिनांक-01.09.2025

**निविदा सूचना सं.01/2025-26 बोरवा**

ग्राम पंचायत बोरवा में निर्माण कार्यो को करवाने लिए वाणिज्यिक कर विभाग मे राजस्थान GST अधिनियम 2017/ GST के अन्तर्गत पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदा का पूर्ण विवरण शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं Dowanload कर प्राप्त की जा सकती है। साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड से कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।

NIB Code- ZRR2526A0378
UBN Code- ZRR2526WSOBOO567

प्रशासक ग्राम पंचायत बोरवा पंचायत समिति,भीम | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बोरवा पंचायत समिति,भीम



**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: उविप्र/नियमन रिकॉर्ड/2025/2629 **आम सूचना** दिनांकः- 4/9/2025

निम्न आवेदनकर्ता द्वारा अपने भूखण्डों का वारीसान के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | भुखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | राजस्व ग्राम | आवेदक का नाम / पिता का नाम | मृतक का नाम / दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 213 (MUT No. 4103) | 1822.5 वर्गफीट | देवाली खसरा नं. 2182 से 2187, 2189, 2190, 2797/2215, 2822/2169 | श्री मनीष पोरवाल पिता स्व. श्री रोशनलाल पोरवाल एवं श्री हितेश पोरवाल पिता स्व. श्री रोशनलाल पोरवाल, निवासी- 213, पंचरत्न कॉम्प्लेक्स, बेदला रोड, फतहपुरा, उदयपुर (राज.) | श्री रोशनलाल पोरवाल पिता श्री लक्ष्मीलाल पोरवाल का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 07.06.2018 एवं पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 18.07.2025 के आधार पर नामान्तरण चाहा गया है। |

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षर कर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित ाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण-पत्र उपरोक्तानुसार आवेदकों के नाम पर जारी दिया जावेगा। **डॉ. अभिनव शर्मा, तहसीलदार, उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर**


## बंदी की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। एमबी चिकित्सालय में उपचाररत बंदी की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एमबी चिकित्सालय में उपचाररत बंदी उपला मांडवा थाना पानरवा निवासी मालू उर्फ मालिया (34) पुत्र वैला की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। मालू उर्फ मालिया हत्या के मामले में वर्ष 2021 में स्थानीय जेल में विचाराधीन बंदी के रूप में जेल मेथा। 3 सितंबर को जेल में चलते समय अचानक निचे गिरने पर स्थानीय जेल प्रशासन ने उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई।

# पेसिफिक में थोरेकोस्कोपी से मरीज का निदान

**उदयपुर,** (कासं)। भीलों का बेदला स्थित पेसिफिक हॉस्पिटल में जटिल मेडिकल केस में 'थोरेकोस्कोपी' द्वारा निदान कर मरीज को राहत प्रदान की । इस प्रक्रिया को श्वसन रोग विशेषज्ञ एवं इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ.अतुल लुहाड़िया व उनकी टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

दरअसल बांसवाड़ा निवासी 62 वर्षीय मरीज को पिछले एक महीने से लगातार खांसी, सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के चलते पीएमसीएच में डॉ.अतुल लुहाडिया की यूनिट में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक जांच में फेफड़ों के बाहर स्थित प्लूरा (सीने की झिल्ली) में तरल पदार्थ (पानी) जमा होने की पुष्टि हुई। डॉ.अतुल लुहाड़िया ने बताया कि पहले सुई के माध्यम से पानी निकालकर उसकी जांच की गई, लेकिन बीमारी का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। इसके बाद मरीज की थोरेकोस्कोपी करने का निर्णय लिया। यह एक आधुनिक और मिनिमल इनवेसिव प्रक्रिया है, जिसमें दूरबीन जैसी तकनीक से फेफड़ों और सीने की अंदरूनी सतह की जांच की जाती है।


प्रपत्र संख्या-7 ( देखिये नियम 21 )

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 ( 2 ) के अधीन नोटिस

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर : DEV/UDAIPUR/TRUST/2025/115

चूंकि प्रार्थी श्री धर्म नारायण, आवाफला सरू उदयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास

ग्राम विकास कोष आवाफला, आवाफला सरू उदयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अत एवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है।

में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक30.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 08.07.2025

**सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर**


# एसडीएम करेंगे अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**उदयपुर,**(कासं)। राज्य सरकार की ओर से जारी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों के क्रम में जिला कलक्टर नमित मेहता ने गुरूवार देर शाम सभी जिला स्तरीय अधिकारियों, उपखण्ड अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से बैठक ली।

अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि बैठक में जिला कलक्टर ने राज्य सरकार की ओर से प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में सभी उपखण्ड अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के विधायकों से समन्वय करते हुए अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी 3 तीन दिन में अतिवृष्टि से हुए नुकसान, जन एवं पशु हानि की रिपोर्ट मय राहत प्रस्तावों के प्रस्तुत करने के लिए भी पाबंद किया। जिला कलक्टर ने आगामी 15 सितम्बर से प्रारंभ हो रहे शहर चलो अभियान तथा 18 सितम्बर से प्रस्तावित गांव चलों अभियान को लेकर भी पंचायत एवं वार्ड वार कलेण्डर 10 सितम्बर तक जारी करने, प्री कैम्प एक्टीविटी कराने के निर्देश दिए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बार जिला राजसमन्द ( राज. )**

क्रमांक: ग्रापं./लेखा/ई-टेन्डर/2025-26/28 दिनांक-01.09.2025

**खुली निविदा आमंत्रण सूचना ( निविदा संख्या 01/2025-26 )**

ग्राम पंचायत बार में निर्माण कार्यो को करवाने लिए नियम 181 के तहत वाणिज्यिक कर विभाग मे राजस्थान GST अधिनियम 2017/ GST के अन्तर्गत पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदा का पूर्ण विवरण शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www. eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं Dowanload कर प्राप्त की जा सकती है। साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड से कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।


NIB Code- ZRR2526A0377
UBN Code- ZRR2526WSOBOO566

प्रशासक ग्राम पंचायत बार पंचायत समिति,भीम | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बार पंचायत समिति,भीम



**Government of India**

**Ministry of Road Transport and Highways**




संबंधित व्यक्ति विवरण परिवहन वेबसाइट https://parivahan.gov.in/ पर देख सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया ईमेल करें - आईडी: helpdesk-vahan[at]gov[dot]in and helpdesk-sarathi[at]gov[dot]in

CBC 37101/13/0010/2526